## खबर संक्षेप

### ख्याति अग्रवाल की सफलता



**मण्डला।** सीबीएसई दसवीं बोर्ड के घोषित परीक्षा परिणाम में शंकर नगर राजीव कॉलोनी निवासी ख्याति अग्रवाल ने दसवीं की परीक्षा में 97% प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। ब्रेन चाइल्ड एकेडमी सेमरखापा टिकरिया की छात्रा ख्याति अग्रवाल पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल में आयोजित अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में भी काफी एक्टिव रही हैं।

### आरना खरे की शानदार सफलता



**मण्डला।** सीबीएसई बोर्ड के घोषित परीक्षा परिणामों में मृदुकिशोर कॉलोनी कटरा मंडला निवासी आरना खरे ने कक्षा दसवीं की परीक्षा में 99% अंक हासिल करके शीर्ष स्थान के साथ जिले का नाम रोशन किया। ब्रेन चाइल्ड एकेडमी सेमरखापा, टिकरिया की छात्रा आरना खरे ने बताया कि पढ़ाई की तरफ हमेशा से ही जागरूक रही हूं और परीक्षा में नियमित टाइम टेबल निश्चित करके तैयारी की।

## शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में निर्देश

# फील्ड विजिट प्लान बनाएं अधिकारी-कलेक्टर

*** जिले की बदहाल शिक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने जारी प्रयास।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



योजना भवन में मंडला के शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग और जिला शिक्षा केन्द्र की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने अधिकारियों के पिछले फील्ड विजिट की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपना फील्ड विजिट प्लान बनाकर प्रस्तुत करें। सभी का भ्रमण पत्रक भरा जाएगा, साथ ही फील्ड विजिट के दौरान वहाँ के विजिटर रजिस्टर में टीप दर्ज कर हस्ताक्षर भी सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर श्री धोटे ने जिला शिक्षा अधिकारी से आरटीई, निजी स्कूलों का निरीक्षण, निजी स्कूलों के शुल्क संबंधी शिकायतें, शाला त्यागी बच्चों का प्रतिशत, शाला त्याग का कारण, नामांकन, अपार आईडी, पाठ्य पुस्तकों का वितरण, स्मार्ट क्लास, निःशुल्क साइकिल वितरण सहित विभिन्न विषयों की जानकारी लेते हुए विस्तार से समीक्षा की गयी। सभी विषयों पर आवश्यक निर्देश दिए।

डीपीसी जिला शिक्षा केन्द्र की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि क्षतिग्रस्त स्कूलों की सूची तैयार करें। क्षतिग्रस्त स्कूलों में शालाओं का संचालन न करते हुए उनकी शिफ्टिंग का प्लान रखें। इसके अलावा मरम्मत योग्य बालिका शौचालयों की समुचित मरम्मत कराएं। बैठक में शासन द्वारा स्वीकृत नवीन बालिका शौचालयों के निर्माण समय पर पूरे करने के निर्देश दिए गए।



जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री धोटे ने निर्देश दिए कि बालिका छात्रावास में निवासरत सभी बालिकाओं की नियमानुसार स्वास्थ्य जांच कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक बालिका का एनीमिया टेस्ट अनिवार्यतः कराएं। जो बालिकाएं एनिमिक पाई जाती हैं उनका विशेष ध्यान रखें। इस दौरान एसी ट्राइबल ने बताया कि पिछले सत्र में कराई गयी स्क्रीनिंग में दो बालिकाएं सिकल सेल से पीड़ित पाई गई हैं। उनके सिकलसेल कार्ड बनवाए गये हैं।

कलेक्टर श्री धोटे ने जनजातीय कार्य विभाग की कन्या प्रोत्साहन योजना, अत्याचार निवारण, अंतरजातीय विवाह, छात्रवृत्ति, आवास सहायता, समग्र आईडी, बस्ती विकास, सांसद आदर्श ग्राम, वन अधिकार दावा, वन मित्र पोर्टल, पीएम जनमन, धरती आबा, जन धन खाते, आयुष्मान कार्ड, आदि कर्मयोगी और अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में विस्तृत समीक्षा की।

### व्यवसायिक पाठ्यक्रम और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल विद्यार्थियों का सतत फालोअप करें

बैठक में कलेक्टर श्री धोटे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्मार्ट क्लास कैरियर गाइडेंस और प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफल बच्चों का सतत फॉलोअप करें। व्यवसायिक पाठ्यक्रम से पढ़ने वाले विद्यार्थी कमजोर आर्थिक स्थिति के परिवारों से संबद्ध होते हैं इसलिए इनको रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। इसी तरह एमपी पीएससी की प्रारंभिक परीक्षाओं में उत्तीर्ण बच्चों में टैलेंट है, उन्हें सहयोग की आवश्यकता है जिससे वह मुख्य परीक्षाओं में भी सफल हो सकें।

इस दौरान सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य श्रीमती वंदना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, डीपीसी श्री कुलदीप कठल, एपीसी श्री मुकेश पाण्डेय, एपीसी श्री केके उपाध्याय, एपीसी श्रीमती विनीता सोनी, सहायक संचालक श्री रंजीत गुप्ता, क्षेत्रीय संयोजक श्री विष्णु सिंगौर सहित समस्त बीईओ, सब इंजीनियर सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# बम्हनी में नहीं खुल पाया गेहूं खरीदी केन्द्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/बम्हनीबंजर

15 अप्रैल से पूरे जिले में गेहूं खरीदी केंद्र शुरू हो गया है, जहां शासन ने 48 केंद्र बनाए हैं, पर बम्हनी में अधिकारी पुष्टि न होने से केंद्र चालू नहीं हुआ है। हर साल दो केंद्र बनते थे, इस बार एक भी केंद्र नहीं बनाया गया है इसी वजह से किसान स्लॉट बुक नहीं कर पा रहें हैं और मंडी में खुले में गेहूं रखना पड़ रहा है। यहां प्रशासन की भारी लापरवाही देखने को मिल रहा है। किसानों ने बताया कि अधिकारियों की इस लापरवाही का खामियाजा अब किसान भाइयों को चुकाना पड़ रहा है यहां कृषि मंडी में खुले पर गेहूं रखना पड़ रहा है, यहां कोई रखवाली करने वाला नहीं है जिससे मवेशी नुकसान पहुंचा रहें, किसान अभी तक स्लॉट बुक नहीं कर पाए हैं। जिससे उन्हें अब चिंता सताने लगी कि आखिर कब तक गेहूं का समर्थन मूल्य मिलेगा। जबकि हवेली क्षेत्र की कृषि भूमि उत्पादन के लिए पहचानी जाती है। यहां फसल का अधिक उत्पादन होता है। इसके बावजूद भी प्रशासन द्वारा खरीदी केंद्र नहीं बनाया गया है। गेहूं खरीदी में हो रही देरी से किसान नाराज और परेशान हैं।

### बम्हनीबंजर में खुले में पड़ा गेहूं, किसान परेशान

बम्हनीबंजर में खरीदी केंद्र शुरू न होने से किसानों को मंडी में खुले में गेहूं रखना पड़ रहा है। केंद्र पर अधिकारी की तैनाती न होने से स्लॉट बुकिंग बंद है और रखवाली न होने से मवेशी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हर साल दो केंद्र बनते थे, इस बार एक भी शुरू नहीं हुआ। खरीदी में देरी से हवेली क्षेत्र के किसान MSP मिलने को लेकर चिंतित हैं।



## सेल्समेन द्वारा गुणवत्ताहीन राशन का किया जा रहा वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

**नारायणगंज ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले शासकीय उचित मूल्य की दुकान देवहार मैं पदस्थ सेल्समैन ओमकार वरकड़े के द्वारा घटिया किस्म के चावल लोगों को जबरन थमाया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बताया जा रहा है कि चावल में तरह-तरह के कंकड़ पत्थर कचरा मिला हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों के आवाज उठाने पर सेल्समैन के कर्मचारी सेल्समेंन सहायक हूँ करके अपना रुतबा बताने में कोई कसर नहीं छोड़ते है।**



वही शासकीय उचित मूल्य की दुकान देवहार के अंतर्गत आने वाले तीन चार गांव सुरंगवानी अहिरवाड़ा देवहार और देवगांव मैं तीन-चार महीने का AAY कार्ड धारकों का शक्कर गायब हो गया जो कि उन लोगों को आज दिनांक तक के शक्कर उपलब्ध नहीं हुआ है। साथ ही लोगों को एक महीने के राशन वितरण करने में भी छोड़ छोड़ के खाद्यान वितरण की जाती है कुछ लोग खाद्यान्न ले पाते हैं कुछ लोग नहीं ले पाते है।

### ग्रामीण के द्वारा लगाया गया गंभीर आरोप

बताया जा रहा है कि जब जब शासकीय उचित मूल की दुकान खोला गया है तब तब सेल्समेन गायब रहते हैं। स्थानीय लोग सेल्समैन को पहचानते भी नहीं है कि वास्तव में सेल्समैन है कौन?

## शासकीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

शासकीय उत्कृष्ट उच्च, माध्यमिक विद्यालय के बोर्ड परीक्षा परिणाम विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अरुणा दीक्षित एवं समस्त शिक्षकों के प्रयास से उत्कृष्ट रहा, विद्यालय के हायर सेकेंड्री का परीक्षा परिणाम 99.2 प्रतिशत एवं हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 89.2 प्रतिशत रहा, हायर सेकेंडरी में छात्रों में सर्वोच्च अंक कृषि संकाय का छात्र भविष्य भावर का एवं छात्राओं में वाणिज्य संकाय की छात्रा आशना साहू के सर्वोच्च्य अंक रहे।





हाई स्कूल में 87 छात्रों में 50 छात्र प्रथम स्थान में उत्तीर्ण हुए वहीं हायर सेकेंड्री में 127 छात्रों में 99 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मेहनत ओर लगन से प्रयास करने से सफलता अवश्य हासिल होती है।

नगर शासकीय संदीपनी विद्यालय बिछिया प्राचार्य अशोक कुमार झरिया ओर समस्त शिक्षकों के प्रयास से शाला परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा 12 वी बोर्ड में 163 कुल छात्र छात्राओं में 153 छात्र छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कुल परीक्षा परिणाम 97% प्रतिशत रहा वही एक छात्रा स्वाति श्रीवास ने 94.2% अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले की प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त किया इसी तरह 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 103 छात्र छात्राओं में 75 छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया शाला का रिजल्ट 95% प्रतिशत रहा शाला के 50 छात्रों ने 75% प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर शासन की योजना लेपटॉप के पात्र की श्रेणी में शामिल हुए।

कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार परतेती एवं समस्त शिक्षकों के प्रयास से शाला का परीक्षा परिणाम 10 वीं बोर्ड का 100% और 12 बोर्ड का परीक्षा परिणाम 97% प्रतिशत रहा शाला में अधिकांश छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 10 वीं बोर्ड परीक्षा में राशि धारिया ने 96.4% रेशमा करचाम ने 96% प्रतिशत अंजली पूसम 93.6%, सरोज कुलस्ते 90.2% प्रतिशत अंक अर्जित किए। इस तरह बिछिया नगर की शासकीय संस्थाओं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।


## कार्यालय नगर परिषद भुआ - बिछिया जिला मण्डला (म.प्र.)

क्रमांक /लो.नि.शा./2026/71 — // ई - निविदा सूचना // — भुआ-बिछिया दिनांक 15/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2025_UAD_468428_2 Date- 16/04/2026 | वार्ड क्र. 13 अंतर्गत भारदा पुलिया के पास रिटेनिग वॉल निर्माण कार्य (3rd Call) | 03 माह 4,00,858/- | 2,000/- 4,100/- | 23/04/2026 |
| 2025_UAD_418684_5 Date- 16/04/2026 | वार्ड क्र. 06 के शंकर मंदिर के पास पब्लिक कुंआ निर्माण कार्य (5th Call) | 01 माह 1,97,535/- | 1,000/- 4,000/- | 23/04/2026 |

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद भुआ - बिछिया, जिला-मण्डला







**पदयात्रा** | **लोकसभा एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलना गौरव का विषय।**

# निकाली गई नगर में नारी शक्ति पद यात्रा

*** नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नारी शक्ति को सम्मान दिलाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार लगातार कर रही है। इसी कड़ी में 16 से 18 अप्रैल तक 3 दिन का संसद का सत्र भी महिलाओं को समर्पित किया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी महिलाओं को देश की संसद एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बात मध्यप्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित नारी शक्ति पदयात्रा के समापन अवसर पर कही।




मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं का संचालन किया है। बेटियों की शिक्षा के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, मिशन इंद्रधनुष के माध्यम से बालिकाओं का टीकाकरण, मुद्रा योजना के माध्यम से आसान ऋण, स्त्री शक्ति ऋण योजना के माध्यम से महिला केन्द्रित ऋण सहित लखपति दीदी जैसे महिलाओं के जीवन बदलने वाली योजनाओं का क्रियान्वयन इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। गरीब परिवारों की महिलाओं को स्व सहायता समूहों में जोड़कर उनका सशक्तिकरण किया गया। इन्हीं महिलाओं में से 3 करोड़ बहनों को लखपति बनाने का लक्ष्य केन्द्र की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है।

इससे पहले स्थानीय वीरनारायण शाह बस स्टेंड से नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती उइके एवं पूर्व सांसद सिवनी लोकसभा श्रीमती नीता पटेरिया की अगुवाई में यह पदयात्रा चिलमन चौक और बड़चौराहा से होते हुए उदयचौक में समाप्त हुई। समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद श्रीमती पटेरिया ने भी महिलाओं के लिए केन्द्र तथा प्रदेश की सरकारों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की चर्चा की। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष मंडला विनोद कछवाहा, नगरपालिका अध्यक्ष नैनपुर श्रीमती कृष्णा पंजवानी, नगर परिषद अध्यक्ष बम्हनी बंजर श्रीमती मीना हरदाहा, सरपंच टिकरवारा श्रीमती श्रद्धा कवरेती, प्रफुल्ल मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिता तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी रोचीराम गुरवानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन एवं महिलाएं मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रीति दुबे ने किया।


कुमारी मंजरी कौरव


शिवांश कतिया


आदित्य पचौरी


हर्षित मेहरा


विश्वजीत कौरव


स्नेहा नामदेव


राधिका विश्वकर्मा

### कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में अपनी बादशाही को कायम रखते हुये शत प्रतिशल परिणाम में सफल

# सोफिया कॉन्वेंट हाई स्कूल परीक्षा परिणाम ने फिर साबित कर दी अपनी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की सच्चाई

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब अभिभावक अपने बच्चों को किसी निजी शिक्षण संस्था में प्रवेश दिलाते है तो वह संस्था की व्यवस्थाओं पर पूरा भरोसा करते हुये पैसा खर्च करने में कोई कसर नही छोड़ते है। क्योंकि हर अभिभावक को अपने बच्चों के भविष्य की चिंता रहती है। मगर कुछ शिक्षण संस्थाये इस तरह से होती है कि जिस तरह बच्चों से फीस बसूलती है उसके बादले में पूर्णगुणवत्ता के साथ बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में कोई कसर नही छोड़ती है। इस प्रकार की सच्चाई नगर के सोफिया कॉन्वेंट हाई स्कूल में देखने मिलती है। जहां पर संस्था प्रमुख रमाकांत कौरव के मार्ग दर्शन में यहां पर बच्चों को जिस तरह शिक्षा प्रदान की जाती है उसकी सच्चाई वर्षो से उनके परीक्षा परिणाम के रूप में सामने आने से नही चूकती है। बीते हुये वर्षो की भांति इस वर्ष भी नगर के सोफिया कॉन्वेंट हाई स्कूल ने कक्षा दसवी वोर्ड परीक्षा परिणामों में अपनी बादशाही को कायम रखते हुये शत प्रतिशल परिणाम में सफल रहा है। बीते हुये दिवस घोषित हुये हाई स्कूल परीक्षा परिणामों में सोफिया क्रॉन्वेंट हाई स्कूल में शत प्रतिशत रहा। जिसमें मुख्य रूप से मंजरी कौरव ने 95.8% प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तो शिवांश कतिया ने 91% के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही आदित्य पचौरी ने 90.8 प्रतिशत के साथ तृतीय व चौथे स्थान पर 89.8% के साथ हर्षित मेहरा एवं विश्वजीत कौरव रहे एवं पांचवें स्थान पर दो छात्राएं स्नेहा नामदेव एवं राधिका विश्वकर्मा रही। वही संस्था में कक्षा दसवी के शेष सभी छात्रों द्वारा प्रथम श्रेणी के अंक हासिल करते हुये अपनी संस्था का नाम रोशन करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। इस प्रकार से छात्र छात्राओं की सफलता पूर्ण उपलब्धि पर संस्था की ओर से सभी टॉपर्स बच्चों को उनके अभिभावको के साथ पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। संस्था के डायरेक्टर रमाकांत कौरव सहित संस्था के वाइस प्रिंसिपल सचिन कोष्टी एवं ऑफिस इंचार्ज जीतू बंसल सहित अन्य शिक्षकों में इस सफलता पर हर्ष देखने मिल रहा है।

## सराहनीय रहा बीटीआई स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम


राहुल जाटव


रोहित कौरव


वंश केवट

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा बीते हुये दिवस घोषित किये गये कक्षा 10 वी एवं कक्षा 12 वी बोर्ड परीक्षा परिणामो मे नगर के पीएमश्री शासकीय बालक . उ. मा. वि. (बी.टी.आई) का हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। तत्सम्बन्ध मे प्राचार्य सुनीता पटैल से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 91% रहा जिसमें वंश केवट ने 83% प्राप्त किए तथा प्रथम श्रेणी में 49, द्वितीय श्रेणी में 29 विद्यार्थी सफल हुए। इसके साथ कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 98% रहा जिसमें वाणिज्य संकाय का 100%, विज्ञान संकाय 97% एवं कला संकाय का 92% रहा। विद्यालय में प्रथम श्रेणी में 069, द्वितीय श्रेणी में 51 तथा तृतीय श्रेणी में 01 विद्यार्थी रहे।विज्ञान संकाय में प्रथम राहुल राज जाटव ने 83% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और कुल मिलाकर 15 विद्यार्थियों ने 75% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वाणिज्य संकाय में सूर्यांश साहू ने 80.2% अंक एवं कला संकाय में साहिल कौरव ने 79% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती पटेल ने बेहतर परिणाम को समस्त शाला परिवार की अटूट मेहनत एवं अनुशासित वातावरण एवं विद्यार्थियों के सतत प्रयास का प्रतिफल बताया है। परीक्षा परिणाम बेहतर आने पर स्टॉफ के शिक्षकों ने प्रसन्नता जताई है। उल्लेखनीय है कि कक्षा 12 वी में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शासन द्वारा ई स्कूटी भी प्रदान की जावेगी।

## आयुषी की सफलता



हरिभूमि न्यूज/खुलरी। घोषित हुये वोर्ड परीक्षा परिणामों में ग्राम खुलरी निवासी महेश साहू की पुत्री कुमारी आयुषी साहू ने कक्षा दसवी वोर्ड परीक्षा में 500 में से 439 अंक प्राप्त करते हुये 87.8 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल करते हुये अपने साथ साथ अपने माता पिता का नाम रोशन किया गया है। छात्रा की सफलता पर ईष्ट मित्रों सहित ग्रामवासियों ने उज्जबल भविष्य की कामना की गई है।

## आर्या ने किया गांव का नाम रोशन



हरिभूमि न्यूज/खुलरी। जब गांव का बेटी हो या बेटा किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल करता हे तो पूरा गांव गौव महसूस करने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस मध्य प्रदेश शिक्षा वोर्ड द्वारा घोषित किये गये वोर्ड परीक्षा के परिणामों में ग्राम खुलरी निवासी अशोक कुमार नेमा शिक्षक की पुत्री कुमारी आर्या नेमा द्वारा कक्षा दसवी की वोर्ड परीक्षा में 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ जहां प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की गई। वही इस छात्रा ने सामाजिक विज्ञान विषय में 100 में से पूरे 100 अंक प्राप्त करते हुये एक इतिहास रखने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। इस छात्रा की सफलता से संपूर्ण गांव में उत्साह का महौल देखने मिल रहा है।

## बिलोनी की आलिया की सफलता पर झूम उठे ग्रामवासी



हरिभूमि न्यूज/खुलरी। छोटा सा गांव हो या फिर बडे शहर जब वहां पर निवास करने वाले बच्चों को अवसर प्राप्त होता है तो वह अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करने में पीछे नही रहते है। क्योंकि उनकी लग्न व मेहनत उन्हें सफलता की ओर ले जाने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस मध्य प्रदेश शिक्षा वोर्ड द्वारा घोषित किये गये कक्षा दसवी वोर्ड परीक्षा परिणामों में देखने मिली है। एक छोटे से गांव ग्राम बिलोनी निवासी व ग्राम खुरशुरू हाई स्कूल में अध्ययन करने वाली छात्रा कुमारी आलिया बी ने वोर्ड परीक्षा में 84.4 अंको के साथ प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल करते हुये अपने गांव का नाम रोशन किया गया है। इस छात्रा को चार विषयों में विशेष योग्यता के अंक हासिल हुये है। इस छात्रा की सफलता की खुबर सुनते हुये ग्रामवासी झूमने से

## मनतशा बी की सफलता



हरिभूमि न्यूज/खुलरी। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के बीच ग्राम छीतापार हाई स्कूल की होनहार छात्रा मनतशा बी ने कक्षा दसवी की वोर्ड परीक्षा में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ए+ रैंक हासिल करते हुये अपनी संस्था का नाम रोशन किया गया है। ज्ञात हो कि इस छात्रा को कुल 500 में से 443 अंक प्राप्त करते हुये अपने गांव व स्कूल का नाम रोशन करने में कोई कसर नही छोड़ी है।

## केबिनेट मंत्री उदय प्रताप कल रहेगे क्षेत्र के दौरे पर 18 अप्रेल को क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



क्षेत्रीय विधायक व परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह का कल 18 अप्रैल शनिवार को क्षेत्र में आगमन हो रहा है। बताया जाता है कि वह सेवा सदन लक्ष्मी टाउनशिप में सुबह 11बजे से 1 बजे तक क्षेत्रीय गणमान्य जनों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनेंगे एवं ग्रामीण क्षेत्र का दौरा करते हुए दोपहर 1,30 बजे- देवरी (मिड़वानी) में सामुदायिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद शाम 4, 30 बजे ग्राम पंचायत रातीकरार के ग्राम रातीकरार में सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वही शाम 5, 30 बजे ग्राम पंचायत पटकुही के ग्राम डोंगराखोह में ग्रामवासियों से संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके उपरांत शाम 6, 30 बजे प्रेमपुर टोला, (ग्राम पंचायत खला) में ग्राम वासियों से रूबरू होकर संवाद करेंगे।

## सांगई गांव की बेटी की सफलता पर किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शासकीय स्कूलो के वोर्ड परीक्षा परिणामों ने यह साबित कर दिया गया है कि उनमे होने वाली पढ़ाई किसी स्कूलों से कम नही है। इस बात की सच्चाई खुद छात्र छात्राओं की सफलता से स्पष्ट होते हुये देखी जा रही है। नगर के शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा बारहवी की छात्रा पूजा की सफलता ने उजागर कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम मे ग्राम सांगई की बेटी पूजा केवट ने कक्षा12 वी में कला संकाय अध्ययन करते हुए जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्रा पूजा की इस उपलब्धि से समूचे गाँव में खुशी का माहौल व्याप्त है। ज्ञात हो कि पूजा के पिता कमलेश केवट मिस्त्री का कार्य करते है उनकी 4 बेटियां है लेकिन इसके बावजूद उन्होंने बेटी को पढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बिटिया पूजा की उल्लेखनीय उपलब्धि पर ग्राम में उसकी पूर्व संस्था एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला सांगई के समस्त शिक्षकों ने छात्रा का सम्मान किया।इस अवसर पर शिक्षक मधुसूदन पटैल ने बताया कि बेटी पूजा ने इसी स्कूल से कक्षा पहली से आठवीं तक पढ़ाई की है यहाँ भी वह प्रत्येक क्लास में प्रथम स्थान प्राप्त करती थी। बेटी को बोर्ड परीक्षा मे मिली उल्लेखनीय सफलता से हम सभी प्रसन्न है।

## अज्ञात चोर ने माता मंदिर की दान पेटी से पार की गई नगद राशि

हरिभूमि न्यूज/चीचली। नगर से लेकर क्षेत्र में चोरों के हौसले इतने बुलंद नजर आ रहे है कि वह अब भगवान में मंदिरों को भी अपना निशाना बनाने से नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस पीतल नगरी चीचली में देखने मिली जहां पर खैरापति मंदिर से अज्ञात चोर द्वारा दान पेटी तोड़ते हुये पैसा पार कर लिये गये। घटना के संबंध में मंदिर के पुजारी ने बताया कि वह अपने घर पर सो रहा था उसी दौरान मंदिर के पास रहने वाली एक महिला द्वारा सूचना दी गई कि एक अज्ञात व्यक्ति मंदिर की दान पेटी तो तोड़ते हुये उसके पैसा ले गया। सूचना मिलते ही पुजारी ने देखा तो दान पेटी टूट पड़ी हुई थी। वही पेटी के अंदर अनुमानित तौर से रखी हुई लगभग 6 हजार रूपया की राशि गायब थी। घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# सड़को पर आवारा चौपायों की धमा चौकड़ी से लेकर प्रभावशालियों के वाहनों का कब्जा, अतिक्रमण की अनदेखी यातायात में बन रही बाधक, शहर की सड़कों पर आमजन का निकलना हुआ मुश्किल...





हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। भले ही प्रशासन द्वारा शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण को सफल बनाने के लिये शहर की दीवारों पर सुन्दर लेखन कराते हुये नई नबेली दुल्हन की तरह सजाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। मगर जिस तरह शहर की सड़को पर आमजन के जीवन को खतरा पैदा करने वाले आवरा पशुओं की मटर गस्ती में अंकुश लगाने में असफल रहने के कारण शहर की सुन्दरता को ग्रहण तो लग ही रहा है दूसरी ओर आमजन की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा होने से नही चूक रहा है? वही दूसरी ओर नगर के धनवान व प्रभावशालियों द्वारा अपनी सुख सुविधा को ध्यान में रखते हुये वाहन तो खरीद लिये गये है। मगर उन्हें अपने घरों के सामने सड़को पर इस तरह खड़ा किया जाता है कि मानों सह सड़क उनके पुरखों से बैनामा कराते हुये पैत्रिक संपत्ति के रूप में प्रदान की गई हो..? वही दूसरी रही सही कसर नगर के मुख्य मार्गो से लेकर बाजार क्षेत्र सहित जहां तहां फैले हुये अतिक्रमण की अनदेखी शहर की सुन्दरता को पूर्णरूप से ग्रहण लगाने के साथ साथ आमजन की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रही है। अपने घरों में पशु पालने का शोक रखने वालों द्वारा जिस तरह उनका दूध निकालने के बाद सड़को पर छोड़ दिया जाता है उसके चलते शहर की सड़को पर 24 घंटे पशुओं का डेरा रहने के चलते आमजन की जिन्दगी खतरे में दिखाई देने से नही चूक पा रही है। यह बात अलग है कि आये दिन आयोजित होने वाली बैठकों के आवारा पशुओं का मुद्दा प्रमुखता से उठते हुये देखा जाता है और इन पर अंकुश लगाने के लिये जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा भरोसा भी दिलाया जाता है। मगर वह भरोसा मात्र एनाऊंसमेंट तक ही सीमित होकर रह जाता है और आमजन की परेशानी जहां की तहां बनी हुई देखने मिलती है। अक्सर देखा जाता है कि बरसात का मौसम हो या फिर गर्मी चाहे ठंड का मौसम। मगर आवारा पशुओं को अक्सर सड़को पर ही देखा जाता है। अब चाहे वह गाय हो या फिर भैस, कुत्ता, बकरी या अन्य चौपाये जो नगर की सड़कों पर ही नजर आते है? इसकी वजह यह होती है कि इन आवारा चौपायो को विपरीत मौसम में छिपने छिपाने के स्थानों का अभाव होता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। क्योंकि चील चिलाती धूप से बचाने के लिये यह पशु मुख्य मार्ग के किनारे लगे हुये पेडों की छाव के बीच जहां सड़को पर डेरा जमाने से नही चूक रहे है और सूर्य अस्त होने के बाद तो शहर के अंदर संपूर्ण सड़को पर इनका ही बोल बाला होने से नही चूकता है। इस स्थिति के चलते सबसे अधिक परेशानियों का सामना स्कूल छात्र छात्राओं सहित वाहन चालकों को करने के लिए मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि यह चौपाये कई बार दुर्घटनाओं का कारण बनते है। इस प्रकार से नगर की सड़को पर अपना साम्राज्य स्थापित करने वाले इन पशुओं पर अंकुश लगाने के लिये अनेको बार मांग की जा चुकी है। परंतु शायद इसकी परवाह किसी को नही रहती जो इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने का जिम्मा उठा सके..? यह बात अलग है कि बीते हुये कुछ वर्ष पहले इन आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने के लिए हाका गेग बनाने के साथ वाहन भी खरीदे गये थें जिसके चलते इन पशुओं को सड़कों से हटाने की जिस तरह मुहिम चलाई गई थी जिससे आमजन को काफी राहत महसूस हुई थी। मगर अब न तो उस हांका गेंग का पता चल रहा है और नही वह वाहन नजर आ रहे है जो इन पशुओं को पकड़ते हुये नगर के वाहन छोड़ने के लिये खरीदे गये थें। इसी का परिणाम है कि अब नगर की सड़को पर इन आवारा पशुओं की हुजूम दिखाई देने लगा है। वैसे भी गौर किया जावे तो इस प्रकार से आवरा पशुओं से नगर में फैल रही अव्यवस्था के लिये काफी हद तक वे पशु मालिक भी जिम्मेदार है..? जो अपने पशुओं को घी दूध खाने के लिए पालने का शौंक तो करते है मगर और इसके बाद उन्हें आवारा सड़को पर घूमने के लिए छोड़ देते है जो आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा साबित होने से नही चूकते है। वही लोगों का कहना है कि यदि नगर पालिका प्रशासन इस ओर सख्त कदम उठाते हुए पशु मालिकों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने की शुरूआत कर दे तो निश्चित तौर से इन आवारा पशुओं पर अंकुश लग सकता है। मगर अभी तक इस प्रकार की कोई ठोस कार्यवाही नही होने का परिणाम है कि पशु मालिको के हौसले बुलंद है और यही कारण है कि यह समस्या हमेशा बनी रहती है। क्योंकि शहर में है आवारा चौपायों की फौज नगर की अधिकांश सड़कों पर डेरा जमाये रहती है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के पलोटन गंज, आमगांव तिरहा, राठी तिरहा, पुराना बस स्टेन्ड, झंडा चौक, पानी टंकी, शासकीय चिकित्सालय रोड़, चावडी रोड, पुरानी पुलिस चौकी, बी टी आई स्कूल के सामने सहित नगर के अनेक मुख्य मार्ग पर तो इनका जमावडा हमेशा ही बना रहता है। जबकि स्टेशन मार्ग पर तो इनका आतंक होता है। जिसके चलते आम आदमी की बात तो दूर वाहन चालकों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कभी कभी तो स्थिति यह तक देखने मिलती है कि जब पशु आपस में लडते हुए वाहन से टकरा जाते है तो वाहन चालक घायल तक हो जाते है। गली मुलल्लो में सुअरों का आतंक-आवारा गाय, बैल जहां नगर की सड़कों में आतंक मचाते हुए घूम रहे है। वही नगर के गली मुहल्लों में सुअरों का आतंक भी काफी हद तक देखने मिल रहा है जहां ये सुअर लोगों को नुकसान पहुंचाते है। वही इनकी आवरगी से बीमारियां बढ़ने की पूरी संभावना है? वैसे भी देखा जावे तो इस मौसम में जिस प्रकार से मौसमी व गंभीर बीमारी का भय बना हुआ है, उसके चलते इन सुअरों का आतंक खासतौर पर हनुमान वार्ड, आजाद वार्ड, भामा वार्ड के पलोड़ कालोनी क्षेत्र, नर्मदा कालानी के आलवा गांधी वार्ड की ओर अधिक है जो नगर के अन्य स्थानों स्वान फलु जैसी बीमारी को आमंत्रण देने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? वही दूसरी ओर कुत्तों की फौज द्वारा भी मचाया जा रहा आंतक- वही दूसरी ओर नगर की आम जनता आवारा पशुओं के साथ साथ नगर में जहां तहां दर्जनों की संख्या में भ्रमण करने वाली कुत्तो की फौज से भी परेशान होने से नही बच पा रही है। इस प्रकार से नगर के प्रमुख मार्गो से लेकर कालोनियों व मुहल्लों में घूम रही कुत्तों की फौज के चलते देखा जा रहा है कि नगर की गलियों से लेकर कालोनियों में दर्जन भर से अधिक कुत्तों की यह फौज इन दिनों नगर की सड़कों पर आंतक मचाये हुये है, इनकी धमाचौकड़ी से जहां राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है वही महिलाये, बच्चे इनसे अतंकित होते हुये देखे जा रहे है, अनेकको बार देखा जाता है कि जब लोग रास्तों से निकलते होते है तो यह कुत्ता उन्हें काटने से भी नही चूकते है। इस स्थिति में अपने स्कूलों को आने जाने वाले मासूम बच्चों को रास्तों से निकलने में दहशत की स्थिति निर्मित होने से नही चूक पा रही है? नपा. उठाए सख्त कदम- इस प्रकार से नगर में लगातार बढ़ रहे आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी सहित सुअरो व कुत्तो के आम लोगों द्वारा प्रशासन से अपेक्षा जताते हुये मांग की गई है कि वह उचित कदम उठाते हुये कोई ठोस कार्यवाही की जावे जिससे आम लोगों में लगातार फैल रही दहशत से निजात मिल सके।

# अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ की गई कार्यवाही, जप्त की गई शराब



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शराब की अवैध रूपा से बिक्री पर अंकुश लगाने के लिये नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिनों नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुये अलग अलग स्थानों से अवैध शराब जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के मरघटा मुहल्ला में ब्रजेश पिता ठाकुर प्रसाद निवासी निरंजन वार्ड के पास से 5 लीटर कच्ची, कुचबंदिया मुहल्ला में शंकर लाल पिता मनीराम कहार निवासी माता वार्ड के पास से 5 लीटर तथा कुचबंदिया मुहल्ला में गौरव पिता विजय के पास से 5 लीटर व संदीप उर्फ सौरभ पिता परषोत्तम शर्मा निवासी स्टेशन रोड के पास 5 लीटर, कल्लू पिता पिक्की कुर्मी निवासी सुभाष वार्ड के पास से 5 लीटर, छोटू पिता काशीराम नौरिया निवासी स्टैट बैंक के पास 5 लीटर, सौरभ पिता विनोद के पास से 10 लीटर व सुभाष वार्ड में कल्लू उर्फ संजय पिता प्रकाश कुर्मी राजीव वार्ड के पास से 5 लीटर, विवेकानंद वार्ड में प्रकाश पिता श्याम मांग के पास से 5 लीटर व कुचबंदिया मुहल्ला में भगवान दास पिता भाईजी धानक के पास से 5 लीटर, छोटू पिता घासीराम नौरिया के पास से 5 लीटर, भूरे लाल पिता मिही लाल धानक उम्र 50 साल निवासी महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड के पास से 5 लीटर, सोनू पिता मुन्ना लाल नौरिया के पास से 5 लीटर शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम भौरझिर में रामसेवक पिता रामचरण जाटव के पास से 8 पाव देशी व ग्राम सूरना में वही के निवासी डालचंद पिता धन सिंह कौरव के पास से 22 पाव मसाला शराब तथा नगर के सुभाष वार्ड में संतोष पिता राधे श्याम कीर के पास से 5 लीटर व ग्राम पुरगंवा में एस के ढाबा के पास क्षीर सागर पिता देवीराम प्रजापति निवासी बम्हौरी के पास से 22 पाव व ग्राम बोहानी में एक महिला के पास से 17 पाव देशी व ग्राम बम्हौरी में वही के निवासी मदन पिता राम दयाल कौरव के पास से 20 पाव देशी प्लेन तथा बरांझ रेल्वे स्टेशन के पास विनोद पिता साहब लाल कौरव निवासी ग्राम मनकवारा के पास से 16 पाव प्लेन शराब जप्त की गई। वही समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम खैरूआ में पुलिस द्वारा वही के निवासी अख्तर पिता अयूब अली के पास से 49 पाव अंग्रेजी शराब व बसुरिया में वही के निवासी दीपक पिता नंदा मेहरा के पास से 49 पाव देशी शराब व ग्राम नयाखेड़ा में एक महिला के पास से 15 लीटर शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से चीचली पुलिस द्वारा ग्राम ढाना तिरहा के पास अरविंद पिता मन्नू लाल अहिरवार के पास से देशी प्लेन तथा ग्राम सिंहपुर छोटा में वही के निवासी रामेन्द्र पिता लालजी ठाकुर के पास से 7 लीटर शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से सांईखेड़ा पुलिस द्वारा भी दौलत पिता कासीराम कुशवाहा निवासी ग्राम देवरी मिठवानी के पास से 19 पाव तथा ग्राम तेंदूखेडा में वही के निवासी संजू उर्फ संदीप पिता मुन्ना लाल रजक के पास से 14 पाव व बलवीर पिता परषोत्तम रजक के पास से 15 पाव, चीचली बस स्टेन्ड के पीछे विनोद पिता हर दयाल अहिरवार निवासी डोगा मुहल्ला के पास से 37 पाव देशी शराब जप्त की गई। वही समीपस्थ सांईखेड़ा पुलिस द्वारा भी दादा धूनी वालों के मंदिर के पास ब्रजेश पिता सन्नू अहिरवार निवासी बनवारी के पास से 19 पाव देशी शराब जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला कायम किया गया है।

**खबर संक्षेप**

## दामिनी गौलिया 89: अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण



**शहपुरा।** कक्षा 10वीं ;एमपी बोर्डद्ध परीक्षा 2026 के घोषित परिणाम में सांदीपनि विद्यालयए शहपुरा की छात्रा दामिनी गौलिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 89 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की है। दामिनीए संतोष गौलिया की सुपुत्री एवं शहपुरा के पत्रकार संदीप गौलिया की भतीजी हैंए जिनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में गौरव और खुशी का माहौल है।दामिनी गौलिया ने कुल 500 अंकों में से 445 अंक प्राप्त किए। विषयवार प्रदर्शन में हिंदी में 96ए अंग्रेज़ी में 71ए ब्यूटी एंड वेलनेस में 96ए गणित में 88ए विज्ञान में 87 तथा सामाजिक विज्ञान में 78 अंक प्राप्त कर उन्होंने अपनी मेहनतए लगन और अनुशासन का परिचय दिया है। दामिनी प्रारंभ से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित रही हैं और इसी का परिणाम आज इस शानदार सफलता के रूप में सामने आया है।परिणाम घोषित होते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनोंए शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने दामिनी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय परिवार ने भी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया है।दामिनी गौलिया की यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे शहपुरा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है। सभी ने उम्मीद जताई है कि दामिनी आगे भी इसी तरह सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएंगी और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी।

## पुष्पराजगढ़ में अंबेडकर जयंती पर आप का आयोजन, सामाजिक समता का संदेश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला मुख्यालय अंतर्गत पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ननघटी तिराहे पर 14 अप्रैल को आम आदमी पार्टी द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। मां नर्मदा की पावन धरती पर आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों सहित स्थानीय कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश संयुक्त सचिव किसान विंग समय लाल चंद्रवंशी के नेतृत्व में किया गया, जबकि अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहडोल जोन प्रभारी राम कृपाल सिंह आर्मो ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन मंत्री बंशपाल टांडिया उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश सचिव विनोद कुमार सेन, प्रदेश संयुक्त सचिव ओबीसी विंग योगेश कुमार सोनी एवं जिलाध्यक्ष एसटी विंग सुखलाल रावत शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात आयोजित सभा में वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समानता, शिक्षा और अधिकारों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं। इस अवसर पर अमोल सिंह, राम टेकाम, धनीराम केवट, रामलाल केवट सहित लगभग 60 से 70 कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का समापन सामाजिक न्याय और समानता के संकल्प के साथ हुआ।

## कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी ने कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान अर्जित करने वाले कक्षा 10वीं की छात्रा खुशी साहू तथा कक्षा 12वीं के छात्र धीरज पांडेय को शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इसी प्रकार जिला स्तरीय मेरिट सूची में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों कविता दुबे, गायत्री देवी, पीयूष जोगी, आयुषी शर्मा, सृष्टि पांडेय एवं रिचा सिंह राठौर तथा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों शिप्रा शर्मा, आकांक्षा उपाध्याय, सक्षम गुप्ता, मोनिका राठौर, आदित्य ताम्रकार, संस्कृति मिश्रा, मनमोहन पाठक, गायत्री केवट एवं सिद्धार्थ साहू को भी शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावक भी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने बच्चों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

# प्रवीण्य सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान, विधायक ने बढ़ाया उत्साह

**डिंडौरी।**

शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य ज्योति प्रकाश धुर्वे की उपस्थिति में शैक्षणिक सत्र 2025 26 में माध्यमिक शिक्षा मंडल की प्रवीण्य सूची में शामिल मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पारितोषिक श्रीफल शॉल उपहार और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान विधायक और ज्योति प्रकाश धुर्वे ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके भविष्य के लक्ष्य और करियर योजनाओं के बारे में जानकारी ली उन्होंने छात्रों को निरंतर मेहनत अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया साथ ही कहा कि जिले के होनहार विद्यार्थी पूरे क्षेत्र के लिए गौरव हैं और उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा देगी।कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों और संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों का भी सम्मान किया गया विधायक ने विद्यार्थियों की सफलता में अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके सहयोग और मार्गदर्शन की सराहना की।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुमन परस्ते अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक प्रवीण कुमार तिवारी और उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी की प्राचार्य उपासना चौबे सहित शिक्षकगण मौजूद रहे सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।







# जंगल में अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई ट्रैक्टर जब्त

**डिंडौरी।** वनमंडल सामान्य वन मंडल के वनमंडलाधिकारी अशोक कुमार सोलंकी और उप वनमंडल अधिकारी गाड़ासरई सुरेंद्र सिंह जाटव तथा वन परिक्षेत्र दक्षिण समनापुर की वन परिक्षेत्र अधिकारी रेवा सिंह परस्ते के निर्देशन में वन अमले ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर जब्त किया।जानकारी के अनुसार बुधवार और गुरुवार की दरम्यानी रात गश्ती के दौरान वन अमले ने बीट कन्हारी के वन कक्ष क्रमांक 577 रिजर्व फॉरेस्ट क्षेत्र में प्रतिबंधित स्थान से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते हुए बिना नंबर के सोनालिका ट्रैक्टर ट्रॉली और एक मोटरसाइकिल को पकड़ा।मामले में ट्रैक्टर चालक नान्हू सिंह मरावी निवासी रमतिला मवई और वाहन स्वामी मोहम्मद नजीर खान निवासी ग्राम सुशीपारा मवई के खिलाफ मध्यप्रदेश अभिवहन वनोपज नियम और भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52 के तहत राजसात कार्रवाई का प्रकरण दर्ज किया गया।इस कार्रवाई में वन विभाग के राजेंद्र सिंह मार्को कार्यवाहक उप वनक्षेत्रपाल राजीव कुमार धुर्वे कार्यवाहक वनपाल इंद्रसिंह पट्टा महेंद्र सिंह पाटले फागूलाल कनोजे अजय कुमार चौकसे प्रेमवती मरावी वनरक्षक मुन्ना लाल यादव स्थाईकर्मी केशराम सुरक्षा श्रमिक और वाहन चालक राकेश कुमार तेकाम का विशेष योगदान रहा।

# उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी का बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार दसवीं में शत प्रतिशत सफलता



**डिंडौरी।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा दसवीं का परिणाम शत प्रतिशत दर्ज किया है प्राचार्य उपासना चौबे के अनुसार सत्र 2025 26 में कक्षा दसवीं के 139 नियमित विद्यार्थियों में सभी छात्र सफल रहे जिनमें 136 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की।विद्यालय के छात्र रामेश्वर गौतम ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया वहीं दीपक पराशर ने 93 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया और अमृता सरिवान ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन किया।हायर सेकंडरी परीक्षा में भी विद्यालय का प्रदर्शन सराहनीय रहा विज्ञान संकाय के 57 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की जबकि वाणिज्य संकाय के 30 विद्यार्थियों ने भी शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया कला संकाय के 54 में से 53 और कृषि संकाय के 44 में से 43 विद्यार्थी सफल रहे इस प्रकार कक्षा बारहवीं का कुल परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा।कक्षा बारहवीं में गणित संकाय से प्रिंस चंदेल और कृषि संकाय से हेमलता पराशर ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।अन्य मेधावी विद्यार्थियों में अनुष्का पांडेय ने 93 प्रतिशत श्रेया चौरसिया ने 92 प्रतिशत मन्तसा कौशर ने 89 प्रतिशत और पूजा चौरसिया ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।वरिष्ठ शिक्षिका लतिका डेनियल ने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों की मेहनत विद्यार्थियों की लगन और विद्यालय के अनुशासन को दिया।

# ग्रीष्मकालीन पेयजल समस्या के समाधान को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित



**डिंडौरी।** ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अफजल अमानुल्लाह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामबाबू देवांगन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे जबकि सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।बैठक में पिछले दो वर्षों में पेयजल परिवहन और जल समस्या से प्रभावित ग्रामों की स्थिति की समीक्षा की गई नल जल योजनाओं में आई बाधाओं को दूर करने के लिए मरम्मत कार्य हेतु ग्रामों का चिन्हांकन किया गया कलेक्टर ने निर्देश दिए कि चिन्हित ग्रामों में उपलब्ध राशि से जल्द मरम्मत कार्य कराया जाए और आवश्यकता होने पर पेयजल परिवहन सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि पेयजल परिवहन से पहले अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा गठित तीन सदस्यीय विकासखंड स्तरीय समिति समस्याग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन तैयार करेगी इसके बाद जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की अनुशंसा तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अनुमति के बाद ही पेयजल परिवहन किया जाएगा।कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित ग्रामों का स्थल निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि ग्रामीणों को गर्मी में पेयजल संकट से राहत मिल सके जिन ग्रामों में नल जल योजनाएं बाधित हैं वहां मरम्मत के लिए सूची और प्राक्कलन शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा गया।इसके अलावा जरूरत के अनुसार नलकूप खनन पाइपलाइन विस्तार और नल जल योजनाओं की मरम्मत के निर्देश भी दिए गए कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को नियमित भ्रमण कर पेयजल व्यवस्था की सतत निगरानी रखने को कहा ताकि समय रहते समस्याओं का समाधान किया जा सके।

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में मनाई गई बाबा साहब की जयंती



**डिण्डौरी**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फुंदेलाल सिंह मार्को विधायक पुष्पराजगढ़ और ओमकार सिंह मरकाम विधायक डिण्डौरी उपस्थित रहे कार्यक्रम का आयोजन एनएसयूआई अध्यक्ष वेद प्रकाश अहिरवार के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पोडकी से लालपुर तक निकाली गई विशाल शोभा यात्रा से हुई जिसमें बड़ी संख्या में लोग और विश्वविद्यालय के छात्र छात्राएं शामिल हुए शोभा यात्रा के विश्वविद्यालय पहुंचने पर आंबेडकर पार्क में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में जनजातीय लोक नृत्य भाषण गीत और सामूहिक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं अंत में भोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# डिंडोरी में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की सख्त कार्रवाई, बिना पंजीयन होटल बंद

**डिंडोरी।**





जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद्य पदार्थों में मिलावट और दूषित सामग्री के विक्रय पर रोक लगाने के लिए गुरुवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया इस दौरान जबलपुर बस स्टैंड क्षेत्र में संचालित कई खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान श्री गुरु कृपा जैन भोजनालय प्रोपराइटर शैलेंद्र जैन बिना वैध पंजीयन के संचालित पाया गया यहां खाद्य पदार्थ खुले में बेचे जा रहे थे प्रशासन ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए प्रतिष्ठान को तत्काल बंद करवा दिया साथ ही पके तेल और टमाटर चटनी के नमूने जांच के लिए भेजे गए अधिकारियों ने निर्देश दिए कि वैध पंजीयन प्राप्त करने और आवश्यक शर्तों का पालन करने के बाद ही संचालन की अनुमति दी जाएगी।

इसी क्रम में मोले होटल प्रोपराइटर मोले दास का भी निरीक्षण किया गया जहां साफ सफाई का अभाव और खुले में खाद्य विक्रय पाया गया किचन की स्थिति असंतोषजनक मिलने पर सुधार सूचना नोटिस जारी किया गया।इसके अलावा जसवंत किराना जसवंत सिंह और सरोज किराना सज्जन ठाकुर का निरीक्षण कर संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए गए।मनोहर चाय अनुराग वैश्य से कोकोनट वाटर और बिस्किट के नमूने लिए गए जबकि श्री नर्मदा फूड एंड बेवरेज आयुष पाठक से एनर्जी ड्रिंक का सैंपल जांच के लिए भेजा गया।मदन होटल प्रोपराइटर मदन वर्मन में अत्यधिक गंदगी टूटा फर्श पानी निकासी की खराब व्यवस्था और अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य निर्माण पाया गया यहां भी सुधार सूचना नोटिस जारी करते हुए फर्श मरम्मत और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रभा सिंह तेकाम ने बताया कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के उल्लंघन पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई की गई है साथ ही ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए खाद्य संचालकों और आम जनता को खाद्य सुरक्षा और सुरक्षित भंडारण के संबंध में जागरूक किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ऐसे निरीक्षण आगे भी लगातार जारी रहेंगे ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

# राखी नाला में बना बोरीबांध जल संरक्षण की दिशा में ग्रामीणों की सराहनीय पहल



**शहपुरा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत विकासखंड मेंहद्वानी में संचालित जनकल्याणकारी और पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों के तहत सेक्टर कठौतिया की ग्राम पंचायत उमरिया माल में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है यहां राखी नाला में बोरी बंधान बोरीबांध का निर्माण कर जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य किया गया यह कार्यक्रम बी सी मैडम के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों समितियों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही सरपंचपति दीपसिंह के नेतृत्व में गांव के जागरूक नागरिकों ने उत्साह के साथ श्रमदान कर बोरीबांध का निर्माण किया कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति के सदस्य जागेश्वर मरावी और मेंटर्स चिरोंजी लाल बसल की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही वही सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी सलीम खान आरती मरावी और कृष्ण कुमार मरावी ने श्रमदान कर इस कार्य को सफल बनाया।बोरीबांध निर्माण का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल का संरक्षण करना भूजल स्तर को बढ़ाना और क्षेत्र में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है इस पहल से अब राखी नाला में पानी का संचय होगा जिससे पशु पक्षियों को पेयजल मिलेगा और ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के लिए भी सुविधा मिलेगीकार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण के महत्व को समझते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्य लगातार करने का संकल्प लिया यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है बल्कि सामूहिक सहभागिता और जनजागरूकता का उत्कृष्ट उदाहरण भी है कार्यक्रम के अंत में सभी सहभागियों को धन्यवाद देते हुए जल है तो कल है का संदेश जन जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया।

## भीषण गर्मी के चलते स्कूल समय में बदलाव, सुबह साढ़े सात से दोपहर बारह बजे तक लगेंगी कक्षाएं

**डिंडोरी।**

जिले में लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन ने अहम निर्णय लिया है कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देश पर कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल समय में परिवर्तन किया गया है जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी शासकीय अशासकीय अनुदान प्राप्त सीबीएसई नवोदय और केंद्रीय विद्यालयों में कक्षाएं अब सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर बारह बजे तक संचालित होंगी दोपहर बारह बजे के बाद किसी भी स्थिति में कक्षाएं नहीं लगेंगी आदेश में यह भी कहा गया है कि शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहकर नामांकन आधार अपडेट अपार आईडी सहित अन्य शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्य निर्धारित समय में पूर्ण करेंगे जिला प्रशासन ने सभी स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए हैं कि आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि विद्यार्थियों को गर्मी के दुष्प्रभाव से सुरक्षित रखा जा सके यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

# राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली से क्षेत्रीय किसान परेशान



**अमरपुर।** उप तहसील कार्यालय अमरपुर में कई महीनों से स्थाई नायब तहसीलदार पदस्थ ही नहीं हैं। जिसे पूरे ब्लॉक भर के किसान भारी परेशान हो रहे हैं। अधिकांश किसान नामांतरणए त्रुटि सुधार एवं अन्य राजस्व से संबंधित कार्य लंबे समय बीत जाने के बावजूद भी नहीं हो पा रहे हैं। ग्राम सारंगढ़ के किसान अमर सिंह पिता अंजोरी गोंड ने बताया कि उनके द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी डिंडौरी में एक वर्ष पूर्व त्रुटि सुधार का प्रकरण दर्ज कराया गया था। परंतु एक वर्षो से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी उप तहसील कार्यालय अमरपुर से न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डिंडौरी तक प्रतिवेदन नहीं पहुंच पाया हैं। तब से ही किसान अपने गांव से उप तहसील कार्यालय तक आवागमन कर रहा हैं। जिससे किसान को बार बार अपने गांव से उप तहसील कार्यालय आवागमन करने पर उसका समय एवं पैसे दोनों खर्च हो रहे हैं। जिससे वह भारी परेशानी महसूस कर रहा हैं। ऐसे भी उक्त उप तहसील कार्यालय के लिए यह कोई एक नया प्रकरण नहीं हैं। इस प्रकार सैकड़ों क्षेत्रीय किसान अपनी राजस्व से संबंधित प्रकरणों के परेशानियों से निरंतर जूझ रहे हैं।

### इनका कहना हैं

मैंने क्षेत्रीय किसानों से प्रकरण की छायाप्रति मंगवाया हूंए अधिक प्रकरण होने पर प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर किसानों के समर्थन में धरना प्रदर्शन कांग्रेस पार्टी की ओर से करेंगे।

**महेंद्र ठाकुर अध्यक्ष**
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर

## ग्राम राखी में जल गंगा अभियान के तहत आप कार्यकर्ताओं ने किया बोरी बंधान



**शहपुरा।** विकासखंड मेंहदवानी के ग्राम राखी में जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आम आदमी पार्टी के ब्लॉक उपाध्यक्ष दीन दयाल साहू और सक्रिय कार्यकर्ताओं ने जल गंगा अभियान के अंतर्गत बोरी बंधान का कार्य संपन्न किया।जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर स्थानीय नालों पर बोरियों की सहायता से अस्थायी बांध का निर्माण किया इस दौरान जनभागीदारी का उत्साहपूर्ण उदाहरण देखने को मिला।इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्षा के बहते जल को रोककर भूजल स्तर में वृद्धि करना और भविष्य में जल संकट से बचाव सुनिश्चित करना है ब्लॉक उपाध्यक्ष दीन दयाल साहू ने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यह एक जन आंदोलन बनना चाहिए कार्यक्रम के दौरान आम आदमी पार्टी के कई सदस्य और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे सभी ने इस पहल की सराहना की और जल संरक्षण का संकल्प लिया।

## संरक्षा संबंधी कार्य के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन आंशिक रूप से रहेगा प्रभावित

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा संरक्षा एवं ट्रैक अनुरक्षण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के कटनी ए केबिन (103 ए और 104 बी) में ब्लॉक लेकर संरक्षा संबन्धित कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल से संबंधित निम्न गाड़ियों का परिचालन आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा।

## खबर संक्षेप

### चारु का सुयश



तेंदूखेड़ा। हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में सर्वोदय विद्यालय की अंग्रेजी माध्यम की छात्रा कु चारु पिता संजीव अहिंसा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है चारु ने विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है।

### महक ने बढ़ाया परिवार का मान



तेंदूखेड़ा। समीपी ग्राम मदनपुर के प्रतिष्ठित कमलेश अग्रवाल की सुपुत्री महक अग्रवाल ने हायर सेकेण्डरी प्रमाण पत्र परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार और ग्राम का नाम रोशन किया है।

### नामदेव समाज विकास परिषद का प्रांतीय चुनाव 17 मई को

तेंदूखेड़ा। नामदेव समाज विकास परिषद के प्रांतीय चुनाव के लिए अधिसूचना 14अप्रैल को जारी कर दी गई है। परिषद का प्रांतीय चुनाव 17 मई को नामदेव समाज सामुदायिक भवन जवाहर चौक में आयोजित किया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी अजय कुमार नामदेव एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि परिषद की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में वर्ष 2026-29 की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए उन्हें मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। तथा निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत 16 मई को प्रत्याशी नामांकन पत्र भर सकेंगे। इसी दिन शाम 4 बजे प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। 17 मई को परिषद की आम सभा आयोजित की जाएगी। यदि आम सहमति नहीं बनती है तो उसी दिन दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। जिसमें सभी मतदाताओं को उपस्थित रहने की अपील चुनाव अधिकारी ने की है।

### मूंग में रात की रानी का अटैक

तेंदूखेड़ा। संपूर्ण क्षेत्र में ग्रीष्म कालीन मूंग फसल व्यापक स्तर पर लगाई गई है।फसल अंकुरित होते ही उसमें विभिन्न प्रकार की कीट व्याधियों ने धावा बोल दिया है। जिसके बचाव के लिए किसान बड़े स्तर पर कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव कर रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि को कृषकों ने बताया कि इन दिनों मूंग फसल में रात की रानी इल्ली का अटैक बना हुआ है।इसे सोड इल्ली भी कहते हैं।जिसकी रोकथाम हेतु किसान विभिन्न दवाईयों के माध्यम से रोक थाम में जुटे हुए हैं।

### अंडर 17 विभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में नरसिंहपुर विजेता

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सरस्वती शिक्षा परिषद जबलपुर की कार्य योजना अनुसार राम मंदिर जबलपुर में आयोजित अंडर 17 विभाग स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर के प्रतिभागियों ने विजेता का स्थान प्राप्त कर विभाग एवं जिले का नाम रोशन किया है विजित प्रतिभागियों को शिशु वाटिका क्षेत्रीय मार्गदर्शक माननीय प्रभात सिंह प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर जिला कीड़ा प्रतियोगिता प्रभारी जितेंद्र पटेल संरक्षक आचार्य ईश्वर दास बैरागी द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

## निर्माण कार्यो की समीक्षा कर दिए निर्देश

# कलेक्टर की अध्यक्षता में पोषण समिति/डीएनसी की बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गुरूवार को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक आयोजित कर विभागीय समीक्षा की। उन्होंने बैठक में पोषण ट्रेकर एवं सम्पर्क एप की समस्त प्रविष्टियों में शत प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, जिला समन्वयक पोषण अभियान तथा सभी ब्लॉक समन्वयक मौजूद थे। कलेक्टर ने बैठक में पोषण ट्रैकर एवं एम.एस. में प्रदर्शित एम. एम. बी. ए. एस. के. कार्यक्रम के अंतर्गत दर्ज की जाने वाली प्रविष्टियों की गहन समीक्षा करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कि सभ बच्चों के आधार पंजीयन, बच्चों के शारीरिक माप (वजन/ऊंचाई) संबंधी प्रविष्टियों, आभा आईडी एवं अपार आईडी, शालापूर्व शिक्षा (ई. सी. सी. ई.) गतिविधियों, एफ. आर. एस. से संबंधित, टी. एच. आर. एच. सी. एम. वितरण एवं प्रविष्टियां, सेम मेम एस. यू. ब्ल्यू. के अंतर्गत नवीन चिन्हित बच्चों का सम्पर्क एप के माध्यम से पंजीयन, एल. एल. वाय की विस्तार से चर्चा कर समीक्षा की गई।

### लंबित शिकायतों का निराकरण

उन्होंने पीएम जनमन योजनांतर्गत आगनवाड़ी भवन निर्माण की समीक्षा की। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जिले में चीचली ब्लॉक की आंगनवाड़ी केन्द्रों का चयन किया गया है। कलेक्टर ने उक्त आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य ब्लॉक में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केन्द्रों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने एवं अप्रारंभ आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निम्न प्रदर्शन करने वाले सेक्टर एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों की सूची साझा की जाए और उनके संचालन में सुधार के लिए उपयुक्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का निराकरण कर विलोपित करने के निर्देश दिए गए।

### जनप्रतिनिधियों व कलेक्टर ने पोर्टल के माध्यम से किया स्व-गणना



भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह व रामसनेही पाठक ने जनगणना पोर्टल के माध्यम से अपनी स्व-गणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया। उन्होंने बताया कि आम नागरिक भी जनगणना के आधिकारिक पोर्टल पद पर लॉगिन कर सरल प्रश्नों के उत्तर देकर आसानी से स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। इसे एक सरल, पारदर्शी और समय बचाने वाली डिजिटल सुविधा बताया। जनगणना 2027 के तहत आगामी एक मई से 30 मई 2026 के मध्य मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य किया जाएगा इसके पूर्व चरण में भारत सरकार द्वारा 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना के लिए विशेष पोर्टल की व्यवस्था की गई है, जिससे नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इस दौरान सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे इस डिजिटल सुविधा का अधिकतम उपयोग करें और राष्ट्रहित के इस महत्वपूर्ण कार्य में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में सटीक और समयबद्ध जानकारी देना हर नागरिक का दायित्व है, जिससे योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिलती है।

### प्रदेश की टीम में जिले की बेटी का चयन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। नरसिंहपुर की बेटी काव्या पटेल जाट को 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट 17 वर्ष बालिका प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है। यह प्रतियोगिता एस.जी.एफ.आई. (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) द्वारा 29 अप्रैल से 3 मई तक रोहतक हरियाणा के रोहतक जिले में आयोजित है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले मध्यप्रदेश शालेय दल का प्री नेशनल कोचिंग कैंप 22 अप्रैल से 26 अप्रैल तक रायसेन जिले में आयोजित है। काव्या इससे पहले भी अंडर-15 वर्ग में प्रदेश का प्रतिनिधितत्व कर चुकी हैं एवं पिछले तीन साल से लगतार भोपाल अंडर-18 वर्ग में भोपाल डिवीजन में टीम में शामिल हैं। काव्या अपनी प्रैक्टिस भोपाल के भोपाल लेपड्र्स क्रिकेट अकादमी में करती हैं। लगातार जिले का नाम रोशन करने वाली काव्या पटेल मूलतः नरसिंहपुर निवासी जिला सैन्य प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लालसाहब जाट की पोती एवं डॉ मनोज पटेल जाट की सुपुत्री हैं। अभी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कक्षा दसवीं में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

### अन्वी में बढ़ाया गौरव



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले के गोटेगांव निवासी आशुतोष सोनी एवं श्रीमती मेनका सोनी की सुपुत्री अन्वी सोनी ने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। अन्वी, सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरखेड़ा, भेल की छात्रा हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीईएससी की कक्षा 10वीं की परीक्षा में अन्वी ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, स्कूल एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। बिटिया की इस सफलता पर परिजन, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कु. खुशी का सुयश



हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। गत दिवस माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में खुशी धानक ने सफलता हासिल कर कक्षा 12वीं 2026 के परीक्षा परिणाम में सफलता हासिल कर नाम रोशन किया। छात्रा खुशी गुरुकुल स्कूल नरसिंहपुर की कक्षा 12वीं की छात्रा है एवं खमरिया के प्रतिष्ठित नागरिक तेजपाल सिंह धानक की पुत्री है। खुशी की इस सफलता पर शाला परिवार, पापा मम्मी एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### देव सराठे का सुयश



हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। विगत दिवस माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में देव सराठे ने सफलता हासिल कर कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशतों अंको से सफलता हासिल कर नाम रोशन किया। छात्र देव सराठे महेन्द्र सराठे के पुत्र है। छात्र की सफलता पर शुभचिंतकों एवं परिवार, पापा मम्मी एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सुहानी राजपूत की सफलता



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस साईंखेड़ा निवासी सुहानी राजपूत ने कक्षा 12 वीं वाणिज्य समूह में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करके परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुहानी कृषक बलराम राजपूत एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पार्वती राजपूत की पुत्री हैं।

### डूब क्षेत्र से प्रभावित परिवारों के विस्थापन को लेकर बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में शक्कर पेंच लिंक संयुक्त परियोजना (चरण-2) अंतर्गत शक्कर बांध के डूब क्षेत्र से प्रभावित ग्राम दिलहरी (बिनेकी टोला) के विस्थापित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के संबंध में गठित समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को सम्पन्न हुई। बैठक में रामसनेही पाठक, सांसद व विधायक प्रतिनिधि, जिला योजना समिति के प्रतिनिधि, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी नरसिंहपुर, संबंधित विभाग के कार्यपालन यंत्री, डूब क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं महिला प्रतिनिधि मौजूद थे।

### भाजपा की विशेष बैठक में जनसमस्याओं पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। भारतीय जनता पार्टी, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जनसमस्याओं के समाधान हेतु गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय, नरसिंहपुर में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक एवं गोटेगांव महेन्द्र नागेश ने उपस्थित जनों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विषयों पर अधिकारियों एवं पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनसेवा और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। इस दौरान नागरिकों ने विभिन्न समस्याएं लिखित रूप में प्रस्तुत कीं, जिनके समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पार्टी पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी जनसमस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने का आश्वासन दिया। यह बैठक आमजन की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हुई, जिससे लोगों को अपनी बात सीधे रखने का अवसर मिला।

## आमगांव मार्ग पर हरे भरे पेड़ों से उनकी जिंदगी छीनने का यह पहला मामला नहीं

# जिंदा जलाया पर्यावरण को संतुलित बनाने वाले हरे वाले पेड़ को





करेली। पर्यावरण को संरक्षित करने की बातें मात्र कैमरे के सामने और फोटो खिंचवाने तक सीमित रह गई है बरसों से ही एक मार्ग पर लगातार पेड़ों का कत्लेआम हो रहा है और इस पर भी शासन प्रशासन के नुमाइंदे मात्र मूक दर्शक बने हुए हैं वर्षों से हो रहे इस कत्ले आम पर आज तक शासन प्रशासन की ओर से कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है हाल ही में आमगांव मार्ग पर करेली वस्ती चौराहे से मोहद के बीच एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां सुनियोजित तरीके से हरे-भरे वृक्षों को आग लगाकर नष्ट किया जा रहा है। इस घटना ने क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है।स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क किनारे वर्षों पुराने छायादार पेड़ों को जानबूझकर जलाया जा रहा है, जिससे न केवल हरियाली खत्म हो रही है, बल्कि पर्यावरण संतुलन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्य बिना किसी ठोस कारण के और व्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है, जिससे इसकी मंशा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।नागरिकों ने आरोप लगाया कि एक ओर जहां बरसात के मौसम में प्रशासन द्वारा बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाकर हरियाली बढ़ाने का दावा किया जाता है, वहीं दूसरी ओर पहले से मौजूद पेड़ों को बचाने की दिशा में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। लोगों का कहना है कि “पौधारोपण करो या न करो, कम से कम मौजूदा हरे-भरे वृक्षों को तो सुरक्षित रखा जाए।”पर्यावरण जानकारों के अनुसार, बड़े पेड़ों को नष्ट करना केवल हरियाली खत्म करना नहीं, बल्कि स्थानीय जलवायु, जैव विविधता और भूजल स्तर पर भी नकारात्मक असर डालता है। ऐसे पेड़ कई वर्षों में तैयार होते हैं और इन्हें बचाना नए पौधे लगाने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होता है।इस पूरे मामले में प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और क्षेत्र में बचे हुए पेड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।स्थानीय समाजसेवियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो वे जनआंदोलन करने को मजबूर होंगे। साथ ही, उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि केवल दिखावटी पौधारोपण अभियानों की बजाय वास्तविक संरक्षण पर ध्यान दिया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण सुरक्षित रह सके।

### नहीं रहीं चंदा माहेश्वरी



हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। गत दिवस नगर के धनारे कॉलोनी गली नंबर 7 निवासी राकेश माहेश्वरी प्रमोद माहेश्वरी की माताजी श्रीमती चंदा माहेश्वरी का उम्र 94 वर्ष में देहावसान हो गया है। निज निवास से उनकी अंतिम यात्रा आज दिनांक 17 अप्रैल सायं 3:30 बजे नरसिंहपुर झिरना स्थित डेड़वाड़ा शमशान घाट के लिए रवाना होगी।

### अंशिका लोधी की सफलता



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस माध्यमिक शिक्षा मंण्डल द्वारा जारी किए गए कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में अंशिका लोधी ने सफलता हासिल कर नाम रोशन किया। अंशिका पटेल सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर की छात्रा है। अंशिका लोधी की इस सफलता शाला परिवार, पापा मम्मी एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### गौरव कोरी ने किया गौरान्वित



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी क्रम में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नरसिंहपुर के होनहार छात्र गौरव कोरी ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त हासिल करते हुए अपने परिवार और जिले के नाम को गौरान्वित किया। गौरव की इस सफलता पर परिवारजनों, गुरुजनों, मित्रों एवं जिलेवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गौरव कोरी मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ नरसिंहपुर जिला ईकाई के जिलाध्यक्ष बालमुकुंद विनोद कोरी पत्रकार के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि जिले में खुशी का माहौल है। गौरव की मेहनत, लगन और अनुशासन ने यह साबित कर दिया है कि कठिन परिश्रम से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## शत प्रतिशत रहा कन्या विद्यालय का परीक्षा परिणाम

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस घोषित हुए हायर सेकंडरी स्कूल और हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा परिणामों में कन्या उच्च माध्य विद्यालय तेंदुखेड़ा परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। यहां पर कुल 126छात्राओं में से 121प्रथम श्रेणी 05 द्वितीय द्वतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुई है। जिनमें कु. प्रिया उपाध्याय रिचा जैन 90 प्रतिक्षा विश्वकर्मा 90 साक्षी लोधी 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वहीं हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में 98.83 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है जिसमें प्रथम श्रेणी 76 द्वितीय श्रेणी 09 छात्राएं रहीं।जिसमें कु. राजुल नायक 96 कु. कविता अहिरवार 95.6 रिया जाटव 93.6 प्रतिशत प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा शिक्षक प्रवेश पटेल श्रीमती ज्योति चौरसिया गीता साहू संतोष जाटव प्रमोद लाडे के के उईके एन.वास्कले, एस. एल. चौधरी सीमा जैन रोशनी गुप्ता नीतू पटेल सहित समस्त अतिथि शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा है।

# सर्वोदय विद्यालय का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

### प्रांजल सोनी प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दशवां स्थान

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए जिसमें सर्वोदय विद्यालय हिंदी माध्यम की छात्रा कु प्रांजल सोनी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रदेश की प्रवीण सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं विद्यालय के छात्र सार्थक मिश्रा ने 95.4 प्रतिशत छात्रा रिया ठाकुर ने 94.4 प्रतिशत अंक सत्यम विश्वकर्मा ने 94 प्रतिशत पंकज जाटव ने 92.8 प्रतिशत प्राप्त किया है। इसी तरह से हायर सेकेंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा में कु जया चौरसिया ने जीव विज्ञान संकाय में 93.8 प्रतिशत गणित विज्ञान संकाय में कु आंशी सोनी ने 93.2 प्रतिशत अंक कु रितिका लोधी ने 92 प्रतिशत अंक गणित संकाय के छात्र राज पटेल ने 89.6 प्रतिशत अंक 2 अनुराग पटेल ने 86.6 प्रतिशत अंक रजनेश साहू गणित विज्ञान संकाय में 85.2 प्रतिशत छात्र वेदांश नामदेव जीव विज्ञान संकाय ने 84.8 प्रतिशत अंक कु विधि शर्मा ने 84.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी विद्यार्थियों ने प्रत्येक विषयों में विशेष योग्यता हासिल की है। उक्त सभी छात्रों के गौरवपूर्ण परीक्षा परिणाम के लिए संस्था के प्रबंध निदेशक डॉ प्रकाश जैन सर्वोदय महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती किरण प्रभा जैन ने सर्वोदय विद्यालय के प्राचार्य कमल कुमार शास्त्री ने अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्य श्रीमती अरुणा जैन ने सभी विद्यार्थियों शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई प्रेषित करके शुभकामनाएं दी हैं ।

# हनुमान मंदिर की चोरी का नहीं मिल सका सुराग

### श्रद्धालुओं में बढ़ रहा रोष

तेंदूखेड़ा। इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में सिलसिलेवार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है वहीं उक्त घटनाएं व्यापारी वर्ग के लिए भी चिंता का विषय बनती चली जा रही है। तेंदूखेड़ा में विगत दिनों हुई श्री दादा दरबार हनुमान मंदिर में दो चांदी के छत्र और मुकुट चोरी के साथ दिगम्बर जैन मंदिर में ताले टूटने की घटनाओं के अभी तक चोरों का पता ही नहीं चल सका है जिसे लेकर श्रद्धालुओं में अब रोष बढ़ने लगा है वहीं सोमवार की रात्रि में पुराने बस स्टैंड पर स्थित फलों की दुकानों पर चोरों ने धावा बोलकर कुछ फल फूल ले गये हैं वहीं दुकानों में रखे फलों को भी नुकसान पहुंचाया है।एक पखवाड़ा पूर्व ही कुछ और दुकानों पर चोरों ने धावा बोला था तथा नगर के विभिन्न वार्डों में घरों के ताले तोड़ने की घटनाएं घटित हुई थी।कुल मिलाकर चोरों के होंसले बुलंदी पर हैं।जो लगातार इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते चले जा रहे हैं। चोरों को पकड़ने में पुलिस नाकाम रही है जो क्षेत्र में चर्चा और सोचनीय विषय बना हुआ है। पुलिस केवल सीसीटीवी फुटेज में खंगालने में ही लगी रहने की जानकारी देती रही है। वहीं जिला पुलिस अधीक्षक ने भी उक्त घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए चोरों को शीघ्र पकड़ने का भरोसा दिलाया था लेकिन अभी तक सफलता ना मिल पाने के कारण श्रद्धालुओं और नगर के लोगों में असुरक्षा की भावना जागृत होने लगी है। नगर में एक वृहद स्तर पर आंदोलन की भूमिका भी बन रही है। जिसकी शुरुआत रैली ज्ञापन से होगी।

### व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरे लगाने बुलाई बैठक

चोरी की बढ़ती घटनाओं और सुरक्षा की दृष्टि बाहरी लोगों पर नजर रखने की दिशा में तीसरी आंख सी सी टी वी गुणवत्ता पूर्ण कैमरों को लगाये जाने के लिए अनुविभागीय पुलिस अधिकारी ने थाना परिसर में नगर के सभी व्यापारियों की बैठक बुलाकर अपने अपने प्रतिष्ठानों के सामने हर गली मुहल्लों में भी कैमरें लगाये जाने की अपील की गई है।गौरतलब रहे कि पूर्व में तेंदूखेड़ा में मुख्य मार्गों चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए तो गये थे लेकिन उनकी गुणवत्ता ना होने तथा काफी लंबे समय से बंद पड़े रहने के कारण केवल दिखावा और उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो पा रही है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**
रा.मा.क्र./245 अ-20 1 वर्ष 2025-26

**सार्वजनिक उदघोषण**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नजूल शीट क्रमांक 1, नगरीय क्षेत्र का नाम कंदेली, प्लाट क्रमांक 2/9 रकवा 923 वर्गफुट विद्यमान अभिलेख में धारक/ धारकों के नाम/ पिता/ माता का नाम तथा पूर्ण नाम पता - श्रीमती उषा पचौरी पति संजय पचौरी निवासी कंदेली उस व्यक्ति/ व्यक्तियों का नाम/पिता/ माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है - श्रीमती उषा पचौरी पति संजय पचौरी निवासी कंदेली तहसील व जिला नरसिंहपुर उक्त अनुसूची के अनुसार स्थाई पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 06/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो या वैद्य प्रतिनिधी के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावे/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। इश्तेहार आज दिनांक 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**